जादूगर हुदनी

एक बहुत बड़ा जादूगर था - हुदनी ! वह जादू की कला में निपुण था,उसे किसी भी प्रकार की जंजीरों में क्यों न कस दिया जाए, वह क्षण-भर में ही उसे तोड़कर बाहर आ जाता था। उस पर तरह-तरह के प्रयोग किये जाते, कभी उसे जंजीरों में बांधकर, डिब्बे में डालने के बाद, डिब्बे को ताला लगाकर नदी में फेंक दिया जाता, तो कभी उसे जंजीरों में बांधकर कारागार में कैद कर लिया जाता, परंतु तब भी वह कुछ ही मिनटों में बाहर आ जाता।

देश - विदेश के सभी कारागारों में उस पर प्रयोग किये गए, सभी पुलिसकर्मियों ने अपने- अपने देश में हुदनी को पराजित करने का प्रयास किया, फिर चाहे वो इंग्लैंड और अमेरिका हों या फ्रांस और जर्मनी, सभी ने बहुत प्रयास किया परंतु कोई भी हुदनी को न हरा सका। वह अधिकतम तीन मिनट में सारी जंजीर तोड़कर, सभी ताले खोल देता और सभी को आश्चर्यचकित कर देता।

पूरे विश्व में उसकी कला की सराहना की जाती थी, परंतु एक दिन इटली में, वह हार गया। उसे बाहर आने में तीन घंटे का समय लग गया और जब वह निकला तो उसकी स्थिति बहुत बुरी थी। उसके देह से पसीना बह रहा था, चिंता के कारण उसके मस्तिष्क की नसें फूल चुकी थी व आँखें भी लाल हो गयीं थी। बाहर आने के बाद, वह बहुत हांफ रहा था, तो लोगों ने उससे पूछा कि उसको यह जादू करने में इतना विलंब क्यों हुआ। तब उसने कहा कि उसके साथ विश्वासघात हुआ है, क्योंकि दरवाजे पर न ही कोई जंजीर थी और न ही कोई ताला, तो वह खोलता क्या ? अंत में जब वह अपने हर प्रयास के पश्चात पूरी तरह थक गया, तो दरवाजे की ओर गिर पड़ा, जिससे वह दरवाजा खुल गया।

उसके सभी प्रयास निष्फल साबित हुए क्योंकि वह जिस ताले की चाबी ढूंढ रहा था, वह ताला तो असल में था ही नहीं।

मनुष्य भी जीवन पर्यन्त समस्याओं का निवारण ढूंढने में लगा रहता है। वह नहीं समझता की जीवन एक समस्या नहीं, रहस्य है और समाधान समस्या का होता है न की रहस्य का। मनुष्य का जीवन भी रहस्य की तरह है, वह चाहे कितना भी खोज ले, उसकी खोज कभी पूरी नही हो सकती। जिस प्रकार हुदनी उस ताले की चाबी ढूंढ रहा था, जो कभी था ही नहीं, ठीक उसी प्रकार मनुष्य भी जीवन की समस्याओं का समाधान ढूंढता रहता है, जो हैं ही नहीं क्योंकि जीवन एक रहस्य हैं, अद्भुत रहस्य ! जिसे केवल जिया जा सकता है।

**** प्रत्येक शुक्रवार को एक नई प्रेरक कथा पढ़िये।****

अधिक प्रेरक लघुकथाओं के लिए हमारा ऐप डाउनलोड करें : [Vikram Samvant Hindu Calender]